नर सेवा | नारायण सेवा

सितम्बर 2021 | संस्करण. 2 | अंक.6

# गंगोत्री धाम तक पहुँचा हमारा मिशन हुआ 10वें चिकित्सालय का लोकार्पण




**मानवता की सेवा में सदैव तत्पर एवं अग्रसर**

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी उत्तराखण्ड

## सितम्बर 2021 मासिक वृतांत

ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट (250 LPM क्षमता वाला)



**धर्मावाला :** सेवा इंटरनेशनल, ऑस्ट्रेलिया शाखा द्वारा स्थापित ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण



**हरिद्वार:** नवीन इमरजेंसी ब्लॉक एवं फिजियोथेरेपी विभाग का उद्घाटन



**केदारनाथ धाम:** चिकित्सालय का पुनः आरंभ

# माह विशेष

## गंगोत्री धाम : 29-09-2021: SVHM सोसाइटी ने अपना 10वाँ चिकित्सालय प्रारंभ किया
## स्वामी विवेकानन्द चैरिटेबल चिकित्सालय, गंगोत्री धाम, जिला उत्तरकाशी



**हवन के साथ शुभारंभ**



**24 X 7 - इमरजेंसी सेवा**



**फार्मेसी**

चिकित्सालय का लोकार्पण ईशावास्यम आश्रम, गंगोत्री धाम के पूजनीय स्वामी राघवेन्द्रानंद जी, SVHM सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल जी, मंदिर समिति के पदाधिकारी, तीर्थयात्री, संत जन एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों की पावन उपस्थिति में हुआ ।

12 बेड वाला एवं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह चिकित्सालय गंगोत्री धाम में स्थापित हुआ है जो की सतत रात दिन पूरी तरह से **नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान करेगा ।** डॉक्टर्स एवं स्टाफ की सेवाएँ यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा द्वारा दी जा रही है ।
**उपलब्ध सुविधाएँ :** Fully equipped ICU, इमरजेंसी, डिजिटल एक्स-रे, ई.सी.जी, लेबोरेटरी, फार्मेसी, पुरुष और महिला वार्ड ।

## धर्मावाला : 19-09-2021
## धर्मावाला चिकित्सालय के स्थापना दिवस की नौवीं वर्षगांठ एवं ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण



**हवन के साथ शुभारंभ**

परम पूजनीय स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि जी महाराज (सूरत गिरि बंगला आश्रम, हरिद्वार) व अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में SVHM सोसाइटी, उत्तराखण्ड द्वारा स्थापित पहले चिकित्सालय का नौवां स्थापना दिवस रविवार 19 सितंबर 2021 को भरपूर उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी दिन सेवा इंटरनेशनल, ऑस्ट्रेलिया शाखा के सहयोग द्वारा स्थापित ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट (250 LPM क्षमता) समाज को समर्पित किया गया । इस अवसर पर श्री तनुज पुंडीर (सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, सेवा इंटरनेशनल) भी उपस्थित रहे ।



**मंच पर आसीन अतिथिगण (बाएं से दाएं)**
डॉ. एस के वर्मा (अध्यक्ष, SVHM सोसाइटी), श्री शशिकांत दीक्षित जी (क्षेत्रीय कार्यवाह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), मुख्य अतिथि परम पूजनीय स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि जी महाराज (सूरत गिरि बंगला आश्रम, हरिद्वार), डॉ. आर के जैन (अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग), डॉ. मनोज उप्रेती (CMO, देहरादून)



**श्रद्धांजलि स्वर्गीय डॉ. मनोज भाटी जी को**



**दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथियों द्वारा**



**गणपति वंदना स्टाफ द्वारा**

## सांस्कृतिक कार्यक्रम





**स्वागत भाषण डॉ. एस.के. वर्मा, अध्यक्ष, SVHM सोसाइटी**



**स्थापना दिवस भाषण डॉ. अनुज सिंघल, सचिव, SVHM सोसाइटी**



**डाक्यूमेंट्री चिकित्सालय के 9 वर्षों की यात्रा गाथा**




**रोगियों की कहानी, उनकी जुबानी**



**गण गीत**

**स्टाफ द्वारा**



**लघु नाटक (विषय : शराब के दुष्प्रभाव एवं बेटी पढ़ाओ)**



**जौनसारी लोक नृत्य**



**धानिया परिवार**


SVHM सोसाइटी ने धानिया परिवार और श्री नत्थी सिंह तोमर जी द्वारा शुरुआती दिनों में चिकित्सालय को दी गयी अमूल्य और नि:स्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया ।



**श्री नत्थी सिंह तोमर जी (Ex. SDM)**

# माह विशेष

## बड़कोट : 21-09-2021: बड़कोट चिकित्सालय का चौथा स्थापना दिवस समारोह



**मुख्य अतिथि**
श्री जयपाल जी
(विभाग संघचालक RSS, देहरादून)



**विशिष्ट अतिथि**
श्रीमती अनुपमा रावत
(नगर पालिका अध्यक्ष, बड़कोट)



**विशिष्ट अतिथि**
डॉ. अनुज सिंघल
(सचिव, SVHM सोसाइटी)



**विशिष्ट अतिथि**
डॉ. ताराश्री सिंघल
(एक्सीक्यूटीव मेम्बर, SVHM सोसाइटी)

## हरिद्वार : 21-09-2021: नवीन इमरजेंसी ब्लॉक एवं फिजियोथेरेपी विभाग का उद्घाटन



इमरजेंसी ब्लॉक



अतिथिगण नई सुविधाओं का भ्रमण करते हुए



फिजियोथेरेपी विभाग

महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज जी एवं माननीय श्री सुधीर जी (अखिल भारतीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती) द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया। श्री रोहिताश कुंवर (माननीय जिला संघचालक RSS, हरिद्वार), डॉ. यतीन्द्र नागयान (माननीय नगर संघचालक RSS एवं वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ. नवीन अग्रोही (वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित सैनी (जिला कार्यवाह RSS) व श्री अमित जी (जिला प्रचारक RSS) भी मौजूद रहे।

## केदारनाथ धाम : 27-09-2021: चिकित्सालय का पुनः आरंभ



हवन के साथ शुभारंभ

केदारनाथ धाम में चिकित्सालय की शुरुआत SVHM सोसाइटी द्वारा वर्ष 2019 में तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए की गई थी।


चारधाम यात्रा स्थगित होने के कारण यह चिकित्सालय अभी तक बंद था। श्री केदार बाबा की कृपा एवं यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के सहयोग से 27 सितंबर 2021 को केदारनाथ धाम के धर्माधिकारी श्री ओम प्रकाश शुक्ला जी द्वारा एवं डॉ. कपिल त्यागी (कोषाध्यक्ष, SVHM सोसाइटी) की उपस्थिति में विधिवत हवन और पूजा के साथ चिकित्सालय को पुनः आरंभ किया गया।



केदारनाथ धाम चिकित्सालय

## धर्मावाला : कुल टीकाकरण : 979

COVISHIELD (910) पहले से उपलब्ध
COVAXIN (69) की भी सुविधा
01-09-2021 से प्रारंभ हो गयी



## धर्मावाला : 20-09-2021:
**होम्योपैथी क्लिनिक पुनः शुरू हो गयी**



डॉ. पंकज गौतम (B.H.M.S)

## पीपलकोटी : 08-09-2021: मददगार हाथ

बटोला गांव के शैलेंद्र नेगी ने अपने पिता और पत्नी को चिकित्सालय द्वारा प्रदान की गई आपातकालीन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल के प्रति सराहना के प्रतीक के रूप में पीपलकोटी चिकित्सालय को 6 पंखे दान कर अपना जन्मदिन मनाया।



# मल्टी डिसिप्लिनरी एवं सुपर स्पेशियलिटी शिविर

**धर्मावाला (3), हरिद्वार (3) एवं पेटशाल (1) मिलाकर कुल 7 शिविरों का आयोजन किया गया, जिनके द्वारा कुल 1808 रोगी लाभान्वित हुए**



चिकित्सालय स्टाफ के साथ शिविर में आए चिकित्सक गण - हरिद्वार

**डॉ. नवीन अग्रोही,**
हड्डी रोग विशेषज्ञ, रुड़की



कैंप में की गयी सर्जरी : 12

डॉ. अभय कुमार, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, देहरादून , एनेस्थेटिस्ट - डॉ. विजय त्यागी, देहरादून और डॉ. सुशील, हरिद्वार

**सर्जरी करते हुए**



**डॉ. सुनील बालियान,**
पल्मोनोलोजिस्ट, यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा



**डॉ. अभय कुमार,**
जनरल सर्जन, देहरादून



## हरिद्वार

**शिविरों का आयोजन 5, 12 एवं 26 सितम्बर को किया गया**

**डॉ. सौरभ अग्रवाल,**
एंडोक्राइनोलॉजिस्ट , नोएडा



**डॉ. हरीश चौहान,**
आयुर्वेदिक-त्वचा रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार



**डॉ. सुमित शर्मा,**
न्यूरोसर्जन, नोएडा



**डॉ. विकास ढिल्लों,**
ई एन टी सर्जन, करनाल




**डॉ. राजीव कुरेले,**
आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, हरिद्वार



**डॉ. अतुल खंडेलवाल,**
यूरोलॉजिस्ट, सोनीपत



# मल्टी डिसिप्लिनरी एवं सुपर स्पेशियलिटी शिविर




**धर्मावाला की OT टीम शिविर के डॉक्टर्स के साथ (बाएं से दाएं)**
संजीव कुमार (OT टेक्नीशियन, आगरा), डॉ. सी. बी वर्मा (एनेस्थेटिस्ट, SVHM) ; डॉ. अमर कुमार (यूरोलॉजिस्ट, देहरादून); प्रो. एवं HOD - सुपर स्पेशियलिटी सर्जिकल ब्रांच : डॉ. प्रशांत लवानिया (यूरोलॉजिस्ट, आगरा) ; डॉ. देवप्रिया (यूरोलॉजिस्ट, दिल्ली); डॉ. विकास बंसल (यूरोलॉजिस्ट, दिल्ली); संजु राणा (OT टेक्नीशियन, धर्मावाला)

## धर्मावाला

शिविरों का आयोजन 5, 12 एवं 26 सितम्बर को किया गया

**प्रार्थना के साथ शिविर की शुरुआत**



प्रो. डॉ. प्रशांत लवानिया, यूरोलॉजिस्ट, एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा अपनी टीम के साथ **सर्जरी करते हुए**

कैंप में की गयी यूरो सर्जरी : 14



**डॉ. सुधीर सिंह,**
त्वचा रोग विशेषज्ञ, एस एन मेडिकल कॉलेज, आगरा



**डॉ. यतीन्द्र नागयान,**
त्वचा रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार



## पेटशाल

शिविर का आयोजन 12 सितम्बर को किया गया

डॉ. अजय अग्रवाल, सीनियर लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉ. मनोरंजन पंत, सीनियर एनेस्थेटिस्ट, रुद्रपुर **सर्जरी करते हुए**

कैंप में की गयी सर्जरी : 5



**डॉ. नीलांबर भट्ट,**
वरिष्ठ मधुमेह रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन, हल्द्वानी





पंजीकरण - धर्मावाला



OPD प्रतीक्षालय - हरिद्वार

# नि:शुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर हरिद्वार

**शिविर : 13**
**लाभार्थी : 825**


01-09-2021 : ज्वालापुर गाँव


08-09-2021 : वाल्मीकि आश्रम


15-09-2021 : वाल्मीकि आश्रम


16-09-2021 : जसवावाला गाँव


17-09-2021: धनौरी गाँव


20-09-2021: जगजीतपुर गाँव


21-09-2021: दादूपुर गाँव


22-09-2021: वाल्मीकि आश्रम


23-09-2021: राणीमाजरा गाँव


25-09-2021: पंजनहेड़ी गाँव


27-09-2021: फेरुपुर गाँव


29-09-2021: हद्दीपुर गाँव

## शिविर में पाई गयी बीमारियाँ :

- नेत्र रोग (29)
- त्वचा रोग(47)
- दन्त रोग (7)
- सामान्य बीमारियाँ (729)

## नए चिन्हित रोगी (64):

- हाइपरटेनशन (29)
- डायबिटीज (29)
- हर्निया (2)



30-09-2021 : औरंगाबाद गाँव

# नि:शुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर - धर्मावाला

शिविर: 1
लाभार्थी: 208

## Quick response to Acute Gastroenteritis outbreak

- धर्मावाला चिकित्सालय ने 9 सितंबर को देहरादून शहर के खाला शास्त्री नगर क्षेत्र (शहरी मलिन बस्ती) में सामुदायिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस क्षेत्र में एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस का प्रकोप हो गया था और दुर्भाग्यवश कुछ मौतें भी हुई थी।
- CMO देहरादून के अनुरोध पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए, उसी दिन यह शिविर का आयोजन मोहल्ले के प्राथमिक विद्यालय में किया गया।
- शिविर में कुल 208 रोगियों की जाँच करी गई एवं नि:शुल्क दवाएँ व ORS के पैकेट भी वितरित किए गए। साथ ही लाभार्थियों को जल जनित (Waterborne) रोगों की रोकथाम से संबंधित जानकारी भी दी गई।

**शिविर में पाई गयी बीमारियाँ :**

- Acute Gastroenteritis : 70%
- बुखार के मामले : 20%
- अन्य : 10%



09-09-2021 : खाला शास्त्री नगर क्षेत्र, देहरादून




# नि:शुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर - पेटशाल

शिविर : 4
लाभार्थी : 458



24-09-2021 : अरसलपाड़ गाँव

**शिविर में पाई गयी बीमारियाँ :**

- दन्त सम्बंधित समस्याएँ
- हाई ब्लड प्रेशर
- मौसमी बुखार
- एनीमिया (खून की कमी)
- हड्डी रोग
- त्वचा रोग
- डायबिटीज
- दमा
- नेत्र रोग
- स्त्री रोग



9-09-2021 : नौगाँव



14-09-2021 : बेलक गाँव



17-09-2021 : पितना गाँव

# उत्कृष्ट उदाहरण

## उनमें से कुछ



केदारनाथ धाम








### 01-09-2021: बड़कोट

- सड़क दुर्घटना का शिकार एक 15 वर्षीय किशोर चोटिल हालत में चिकित्सालय पहुँचा ।
- X Ray में उसके दाहिने बाजू की दोनों हड्डियों में फ्रैक्चर मिला। किशोर को तुरंत उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया। सोसाइटी से जुड़े हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन गर्ग के साथ आनलाइन परामर्श व निर्देशन में बड़कोट की टीम द्वारा सफल closed reduction किया गया ।
- पुनः X Ray में दोनों हड्डियां जुड़ी दिखीं और फिर प्लास्टर लगाकर रोगी का सफल उपचार किया गया ।

### 20-09-2021: नारायणकोटी

- 28 वर्षीय एक पुरुष रोगी, 40 कि.मी. की दूरी तय कर हमारे चिकित्सालय में पहुँचा ।
- खाना बनाते समय रोगी का दाहिना हाथ और बायां पैर बुरी तरह से जल गए थे और उनके बाएं घुटने में मवाद भर गया था ।
- रोगी को किसी स्थानीय क्लिनिक में प्राथमिक उपचार के पश्चात हमारे चिकित्सालय में रेफर किया गया था ।
- जले हुए घाँवों की नियमित रूप से दैनिक ड्रेसिंग की गई और अन्य आवश्यक दवाएँ एवं उपचार भी दिए गए । रोगी के घाव 15 दिनों में पूरी तरह से ठीक हो गए और वह स्वस्थ होकर घर गया ।

### 28-09-2021: नारायणकोटी

- नाला गाँव निवासी 74 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला पिछले 2 दिनों से चली आ रही सीने में दर्द की शिकायत के साथ जूझ रही थी ।
- सरकारी चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार कराने के उपरान्त जब रोगी का दर्द कम नहीं हुआ तो वह हमारे इमरजेंसी विभाग में लायी गयी ।
- ECG कराने पे मालूम चला की रोगी को दिल का दौरा पड़ा है । रोगी का तत्काल thrombolysis करके स्थिर कर दिया गया।
- बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार अब रोगी अपने घर पर कुशल से है ।

### 28-09-2021: केदारनाथ धाम

- कोलकत्ता निवासी 20 वर्षीय एक महिला तीर्थयात्री तेज बुखार (103 F), साँस लेने में दिक्कत एवं कम oxygen saturation level (62%) की शिकायत के साथ हमारे चिकित्सालय लायी गयी ।
- रोगी को तत्काल सफलतापूर्वक उपचार दिया गया ।
- उपचार के बाद रोगी का oxygen saturation level बढ़कर 94% पहुँच गया और बुखार भी कम हो गया, जिसके उपरान्त रोगी को हेलीकॉप्टर द्वारा स्वस्थ स्थिति में घर भेज दिया गया ।



रोगी को दी जा रही प्राथमिक चिकित्सा



देखभाल के अंतर्गत रोगी

# महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

## धर्मावाला



- कुल घरों का भ्रमण : 480
- कुल संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 634



### एनीमिया कार्यक्रम

**मासिक नए लाभार्थी**

- संपर्क किए गए : 282
- खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें : 241
- एनीमिक पाए गए : 176
- उपचाराधीन : 153



खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जाँच

**रेगुलर फॉलोअप**

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 460
- पाए गए
  - नियमित : 394
  - अनियमित : 60
  - ड्राप आउट : 6

**त्रिमासिक फॉलोअप (उपचार के 3 माह बाद )**

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 93
- खून में हीमोग्लोबिन स्तर की जांचें : 73
- हीमोग्लोबिन की स्तर में बढ़ोतरी : 56



फॉलोअप विजिट

**कुछ उपलब्धियाँ**



उम्र : 25 वर्ष
Hb: 5.4 ---> 10.4 ↑
स्वास्थ्य गाथा : धात्री माँ जिसको चक्कर, थकान और अत्यधिक कमजोरी जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसके कारण वह अपने शिशु की देखभाल करने में असमर्थ थी। अब पूरी तरह से सक्रिय और स्वस्थ है।
उपचार की अवधि : 3 माह
फॉलोअप विजिट : 12



उम्र : 32 वर्ष
Hb: 6.3 ---> 11.8 ↑
स्वास्थ्य गाथा : महिला घर व् खेती के कार्य करने पर हमेशा थकान व चक्कर महसूस करती थी। अब पूर्ण रूप से सक्रिय और ऊर्जावान महसूस कर रही है ।
उपचार की अवधि : 3 माह
फॉलोअप विजिट : 12



उम्र : 27 वर्ष
Hb: 10 ---> 13.5 ↑
स्वास्थ्य गाथा : इस महिला को सीढियाँ व चढ़ाई चढ़ने पर साँस फूल जाती थी एवं थकान होती थी । बाल झड़ रहे थे एवं दोनों आंखों के नीचे काले निशान पड़ने की वजह से डिप्रेशन में जा रही थी । अब खुश रहती है, बाल भी झड़ने बन्द हो हए हैं एवं जीवन और ऊर्जा से भरपूर।
उपचार की अवधि : 3 माह
फॉलोअप विजिट : 12



उम्र : 46 वर्ष
Hb: 6 ---> 11 ↑
स्वास्थ्य गाथा : कुछ कदम चलते ही चक्कर आने की वजह से इस महिला को बैठ के आराम करना पड़ता था । वजन और भूख कम हो गई थी। अब कोई थकान नहीं है एवं वजन और भूख में भी सुधार हो गया है।
उपचार की अवधि : 3 माह
फॉलोअप विजिट: 4

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम

- संपर्क किए गए लाभार्थियों की संख्या : 137
- धर्मावाला चिकित्सालय में की गयी कुल स्क्रीनिंग : 47



स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरुकता सत्र




### My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम

- Menstrual Hygiene कार्यक्रम के संबंध में व्यक्तिगत परामर्श (counselling) सत्र में भाग लेने वाली किशोरियों और मासिक धर्म वाली महिलाओं की संख्या : 125
- कुल My Pad लाभार्थियों की संख्या : 56
- कुल वितरित Cloth Pads : 108




My Pad लाभार्थी

# आंकड़े





केदारनाथ धाम चिकित्सालय माह के मात्र 4 दिन एवं गंगोत्री धाम चिकित्सालय माह के मात्र 2 दिन के लिए कार्यरत रहे

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 9007 | 305 | 923 | 404 | 50 |
| मनेरी | 55 | 1 | 24 | 1 | 3 |
| नारायणकोटी | 2110 | 68 | 349 | 152 | 34 |
| बड़कोट | 970 | 16 | 414 | 42 | 74 |
| पीपलकोटी | 450 | 41 | 91 | 29 | 4 |
| बद्रीनाथ धाम | 76 | 1 | 8 | 0 | 2 |
| पेटशाल | 1356 | 25 | 183 | 22 | 26 |
| केदारनाथ धाम | 50 | 33 | 0 | 0 | 0 |
| हरिद्वार | 5451 | 77 | 435 | 216 | 12 |
| गंगोत्री धाम | 11 | 4 | 2 | 0 | 0 |
| कुल | 19536 | 571 | 2429 | 866 | 205 |




| चिकित्सालय | सर्जरी | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 95 | 38 |
| नारायणकोटी | 0 | 8 |
| बड़कोट | 0 | 29 |
| पेटशाल | 4 | 1 |
| हरिद्वार | 16 | 4 |
| कुल | 115 | 80 |

सर्जरी के प्रकार: जनरल, यूरो, ई एन टी, ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल, नेत्र एवं बाल रोग




सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार के चिकित्सालयों में उपलब्ध है

| | |
|---|---|
| पंचकर्म (आयुर्वेद) | 40 |
| सी टी स्कैन | 274 |
| एंडोस्कोपी | 52 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 8 |

सुविधाएँ जो केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध है

| 23459 | 195 | 571 | 2429 | 1417 | 19536 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

सितम्बर 2021 | संस्करण. 2 | अंक.6

नर सेवा　　　　नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, उत्तराखण्ड

## मासिक वृतांत
## सितम्बर - 2021

आपका अमूल्य दान है एक वरदान :
स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी
खाता संख्या: 32584491256
आई एफ एस सी कोड: SBIN0010626
शाखा का नाम: सी एस टी हरबर्टपुर, देहरादून

*https://svhmuk.in*
*https://twitter.com/svhmuk*
*https://www.instagram.com/svhmuk/*
*svhmuk@gmail.com; anujdrs@gmail.com*

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।


धर्मावाला , देहरादून


मनेरी, गंगोत्री मार्ग


नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग


बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग


पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग


बद्रीनाथ धाम , चमोली


पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग, अल्मोड़ा


केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग


हरिद्वार


गंगोत्री धाम , उत्तरकाशी